हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आचार्य जेबी कृपलानी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। उन्हों ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आचार्य कृपलानी भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महान हस्ती थे। वे ज्ञान, अखंडता और साहस के प्रतीक थे। श्री मोदी ने कहा कि आचार्य जेबी कृपलानी लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। उन्हों ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मौलाना आज़ाद को ज्ञान के प्रकाश और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका के लिए याद किया जाता है। श्री मोदी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एक गहन विचारक और सफल लेखक भी थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विकसित और सशक्त भारत के उनके दृष्टिकोण से प्रेरित है।

****

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली । राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई । न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे, जो रविवार को सेवानिवृत हो गए।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लंदन और केन्या में हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में हरियाणवी संस्कृति की शानदार प्रस्तुतियों को देखना वहां के निवासियों को आनंदित कर गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के काफी लोग विदेश में रह रहे हैं, पर हमारी मिट्टी, संस्कृति और परंपरा हमेशा उनके दिलों में बसी है। इसलिए वे विदेशी धरा पर भी हरियाणवी संस्कृति को जीवंत रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में रहने वाले हरियाणवियों का हरियाणा की प्रगति और खुशहाली में भी अमूल्य योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश में बसे हरियाणा के प्रवासी लोगों की सहायता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा “विदेश सहयोग विभाग” भी बनाया गया है, जो कि हर संभव मदद के लिए तत्पर है।

****

हरियाणा में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौक़े पर प्रदेशभर में कई प्रोग्राम आयोजित लिए गए । हिसार में आयोजित राज्यस्तराये योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा की योग हमारे जीवन का हिस्सा नहीं बल्कि हमारा जीवन जीने का तरीक़ा है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली और उनके प्रयासों से UN में जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया तो 177 देशों ने इस पर अपनी सहमति जतायी । अब 200 से अधिक देशों में ये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा की प्रदेश भर में 1121 जगह को चिन्हित कर वहाँ पर योग और व्यायामशाला खोली गई है और 714 से ज़्यादा व्यायामशाला में योग और शारीरिक व्यायाम किया जाता है, उन्होंने कहा की आने वाले 60 दिनों में 100 और व्यायामशाला खोली जाएगी।

****

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरुग्राम स्थित हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान हिपा में सहकारिता विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को सहकारिता क्षेत्र में सुधार व विकास के लिए कई अहम दिशा-निर्देश दिए।बैठक में मंत्री ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के त्वरित डिजिटलाइजेशन की दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिससे कि डिजिटलाइजेशन से व्यवस्था में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आए।सहकारिता मंत्री ने हरियाणा की डेयरी फेडरेशन को वीटा का नाम अमूल ब्रांड की तरह लोकप्रिय और विश्वसनीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कदम राज्य के कृषि और डेयरी क्षेत्र को और मजबूती प्रदान करेगा। जिससे प्रदेश में डेयरी उद्योग को गति मिलेगी।मंत्री ने कहा कि हरको बैंक की ओर से रखी गई पैक्स की समस्याओं के समाधान के लिए नीतियों पर विचार करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी दूसरे राज्यों का दौरा कर सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे आधुनिक सुधारों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। ताकि उनको हरियाणा में क्रियान्वित किया जा सके।

****

जीवा पब्लिक स्कूल द्वारा कल एक दिवसीय "संस्कार मेला 2024" का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के कौशल विकास राज्य मंत्री गौरव गौतम विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मेले का मुख्य विषय "प्राचीन ज्ञान के साथ भविष्य का निर्माण" था, जो छात्रों में सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक शिक्षा के समन्वय को बढ़ावा देता है। श्री गौतम ने इस अवसर पर नई शिक्षा नीति पर अपने विचार साझा किए, जिसमें शिक्षा और कौशल विकास के एकीकरण के महत्व पर जोर दिया गया। मंत्री ने संस्कार मेला के आयोजकों की सराहना की और ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी।